RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II राजनीति विज्ञान 2015

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

निम्न में से किस व्यवस्था की विशेषताओं को भारत के संविधान में सम्मिलित किया गया है ?

(A) संघीय व्यवस्था की विशेषताएँ
(B) एकात्मक व्यवस्था की विशेषताएँ
(C) दोनों संघीय एवं एकात्मक व्यवस्था की विशेषताएँ ✓
(D) परिसंघ व्यवस्था की विशेषताएँ

Q.2

संघीय सूची में कितने विषय सम्मिलित किये गये हैं ?

(A) 97
(B) 100 ✓
(C) 74
(D) 72

Q.3

केन्द्र-राज्य सम्बन्धों की समीक्षा हेतु किस आयोग की नियुक्ति की गई थी ?

(A) सन्थानम आयोग
(B) सरकारिया आयोग ✓
(C) शाह आयोग
(D) ठक्कर आयोग

Q.4

भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन करते हैं

(A) संसद के निर्वाचित सदस्य
(B) राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य
(C) लोक सभा के निर्वाचित सदस्य
(D) संसद के दोनों सदनों एवं राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य ✓

Q.5

राष्ट्रपति शासन लागू किया जा सकता है

(A) अनुच्छेद 74 के अन्तर्गत
(B) अनुच्छेद 75 के अन्तर्गत
(C) अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत ✓
(D) अनुच्छेद 368 के अन्तर्गत

Q.6

केन्द्रीय मंत्री परिषद सामूहिक रूप में उत्तरदायी होती है

(A) राज्य सभा के प्रति
(B) लोक सभा के प्रति ✓
(C) राष्ट्रपति के प्रति
(D) लोक सभा अध्यक्ष के प्रति

Q.7

राज्य सभा में कितने व्यक्ति मनोनीत किये जाते हैं ?

(A) 12 ✓
(B) 14
(C) 10
(D) 15

Q.8

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है

(A) संसद द्वारा
(B) प्रधान मंत्री द्वारा
(C) विधि मंत्री द्वारा
(D) राष्ट्रपति द्वारा ✓

Q.9

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय की पुनरावलोकन शक्ति किसे प्राप्त है-

(A) राष्ट्रपति
(B) लोकसभा अध्यक्ष
(C) सर्वोच्च न्यायालय ✓
(D) केंद्रीय विधि मंत्री

Q.10

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवा-निवृत्ति आयु है

(A) 65 वर्ष ✓
(B) 60 वर्ष
(C) 62 वर्ष
(D) 70 वर्ष

Q.11

लोक सभा के अध्यक्ष का निर्वाचन करते हैं

(A) विधान सभा के सदस्य
(B) लोक सभा के सदस्य ✓
(C) राज्य सभा के सदस्य
(D) मंत्री परिषद के सदस्य

Q.12

संसद का एक गैर-सदस्य अधिकतम कितनी अवधि के लिये मंत्री बना रह सकता है ?

(A) एक वर्ष
(B) दो वर्ष
(C) तीन महीने
(D) छ: महीने ✓

Q.13

राज्य के गवर्नर की नियुक्ति करते हैं

(A) राष्ट्रपति ✓
(B) उप-राष्ट्रपति
(C) प्रधान मंत्री
(D) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

Q.14

राज्य के गवर्नर की आयु नियुक्ति के समय कम से कम कितनी होनी चाहिए ?

(A) 30 वर्ष
(B) 35 वर्ष ✓
(C) 25 वर्ष
(D) 40 वर्ष

Q.15

राज्य कार्यपालिका के संवैधानिक अध्यक्ष होते हैं

(A) मुख्य मंत्री
(B) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(C) गवर्नर ✓
(D) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

Q.16

मुख्यमंत्री की नियुक्ति कौन करते हैं ?

(A) राष्ट्रपति
(B) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(C) उप-राष्ट्रपति
(D) गवर्नर ✓

Q.17

राज्य विधान सभा का नेता कौन होता है ?

(A) विरोधी दल का नेता
(B) मुख्य मंत्री ✓
(C) विधान सभा अध्यक्ष
(D) विधान सभा उपाध्यक्ष

Q.18

राज्य के गवर्नर किसके प्रसाद पर्यन्त पद पर बने रहते हैं ?

(A) मुख्य मंत्री
(B) राष्ट्रपति ✓
(C) उप-राष्ट्रपति
(D) प्रधान मंत्री

Q.19

राज्य विधान परिषद् का गठन होता है

(A) प्रत्यक्ष मतदान द्वारा
(B) निर्वाचक मंडल द्वारा ✓
(C) मुख्य मंत्री के मनोनयन द्वारा
(D) संसद के सदस्यों द्वारा

Q.20

निम्न में से किस राज्य में विधान परिषद् नहीं है ?

(A) राजस्थान ✓
(B) उत्तर प्रदेश
(C) महाराष्ट्र
(D) बिहार

Q.21

राज्य विधान सभा द्वारा पारित धन विधेयक कितनी अवधि में विधान परिषद द्वारा पारित हो जाना चाहिए ?

(A) 30 दिन
(B) 14 दिन ✓
(C) 60 दिन
(D) 90 दिन

Q.22

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करते हैं-

(A) राष्ट्रपति ✓
(B) प्रधान मंत्री
(C) मुख्य मंत्री
(D) विधि मंत्री

Q.23

राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?

(A) 1950 में
(B) 1956 में
(C) 1949 में ✓
(D) 1952 में

Q.24

पंचायती राज व्यवस्था का उद्घाटन राजस्थान में पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा किस वर्ष में किया गया था ?

(A) 1952
(B) 1956
(C) 1962
(D) 1959 ✓

Q.25

किस अनुच्छेद के अन्तर्गत पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है ?

(A) 243 ✓
(B) 12
(C) 356
(D) 360

Q.26

पंचायत व्यवस्था का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अंग है

(A) उच्च न्यायालय
(B) संघीय सरकार
(C) सर्वोच्च न्यायालय
(D) ग्राम सभा ✓

Q.27

शीतयुद्ध की समाप्ति का प्रमुख कारण था

(A) द्वितीय महायुद्ध की समाप्ति
(B) 1949 की चीन क्रांति
(C) 1945 में जर्मनी का विभाजन
(D) सोवियत संघ का विघटन ✓

Q.28

वर्तमान विश्व परिदृश्य में एक नये परिवर्धन का उदय हुआ है, वह है

(A) अमरीकी प्राधान्य ✓
(B) रशिया की भूमिका
(C) 77 समूह की भूमिका
(D) तीसरी दुनिया के देशों की भूमिका

Q.29

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई थी

(A) 1949 में
(B) 1945 में ✓
(C) 1948 में
(D) 1950 में

Q.30

निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(A) राज्य एक कृत्रिम संस्था है ।
(B) राज्य स्वाभाविक एवं आवश्यक संस्था है । ✓
(C) राज्य एक अनावश्यक संस्था है ।
(D) राज्य का व्यक्ति के प्रति कोई दायित्व नहीं है ।

Q.31

राज्य का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण तत्त्व है

(A) जनसंख्या
(B) क्षेत्र
(C) सम्प्रभुता ✓
(D) सरकार

Q.32

'राजनीति विज्ञान की सबसे बड़ी सेवा यह होगी कि प्रभुता की अवधारणा को समाप्त कर दिया जाय।' किसने कहा?

(A) लास्की ✓
(B) गैटल
(C) गिलक्राइस्ट
(D) प्लेटो

Q.33

'राज्य संघों का एक संघ है।' किसने कहा?

(A) अरस्तू ✓
(B) हॉब्स
(C) लॉक
(D) लास्की

Q.34

ऑस्टिन की प्रभुता के सिद्धान्त का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण निर्धारक तत्त्व है

(A) यह निरंकुश है। ✓
(B) यह विभाज्य है।
(C) यह निरंकुश नहीं है।
(D) व्यक्ति को विद्रोह करने का अधिकार है।

Q.35

कार्यपालिका के नामधारी अध्यक्ष का सर्वोत्तम उदाहरण है

(A) अमरीका
(B) रूस
(C) इंग्लैंड ✓
(D) चीन

Q.36

अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली में कार्यपालिका अध्यक्ष

(A) वास्तविक अध्यक्ष होता है । ✓
(B) विधान सभा के प्रति उत्तरदायी होता है ।
(C) नामधारी अध्यक्ष होता है ।
(D) वीटो की शक्ति नहीं होती है !

Q.37

निम्न में से किस देश में बहुल कार्यपालिका है ?

(A) नेपाल
(B) स्विट्जरलैंड ✓
(C) जर्मनी
(D) इंग्लैंड

Q.38

ब्रिटिश संसदीय व्यवस्था के सन्दर्भ में ऐसा कहा जाता है कि

(A) राज्य अध्यक्ष के पास वीटो की शक्ति है ।
(B) प्रधान मंत्री राज्य अध्यक्ष के प्रति उत्तरदायी है ।
(C) संसद कार्यपालिका के प्रति उत्तरदायी है ।
(D) संसद पर कैबिनेट (मंत्री परिषद्) का वर्चस्व होता है । ✓

Q.39

किस देश में उच्च सदन अथवा द्वितीय सदन विश्व का सर्वाधिक शक्तिशाली सदन माना जाता है ?

(A) अमरीका ✓
(B) भारत
(C) इंग्लैंड
(D) भूटान

Q.40

भारत में संघीय कार्यपालिका सामूहिक रूप से उत्तरदायी है

(A) राष्ट्रपति के प्रति
(B) राज्य सभा के प्रति
(C) लोक सभा के प्रति ✓
(D) प्रधान मंत्री के प्रति

Q.41

निम्न में से चुनिये :
न्यायपालिका की कुशलता के लिये पहली आवश्यकता है

(A) विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता
(B) कार्यपालिका द्वारा न्यायाधीशों को हटाना
(C) विधायिका द्वारा न्यायाधीशों का मनोनयन
(D) स्वतन्त्र न्यायपालिका ✓

Q.42

राज्य की विधायी एवं कार्यपालिक शक्तियों को नियंत्रित करने हेतु मॉन्टेस्क्यू ने किस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया ?

(A) विधायिका की सर्वोच्चता
(B) कार्यपालिका की सर्वोच्चता
(C) नियंत्रण एवं संतुलन ✓
(D) तानाशाही राज्य

Q.43

लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ है

(A) लोकतांत्रिक राज्य

(B) लोकतांत्रिक सरकार

(C) धर्मप्रधान राज्य

(D) केवल शासन का स्वरूप ही नहीं, अपितु जीवन का माध्यम है । ✓

Q.44

'मॉडर्न डेमोक्रेसीज' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) डाइसी

(B) लॉर्ड ब्राइस ✓

(C) लावेल

(D) सीले

Q.45

'लोक-तन्त्र शासन का विकृत स्वरूप है ।' किसका कथन है ?

(A) प्लेटो

(B) गैटल

(C) अरस्तू ✓

(D) बोदां

Q.46

आधुनिक तानाशाही ने जन्म दिया है : (निम्न में सही कथन चुनिये ।)

(A) सर्वसत्तावादी राज्य को ✓

(B) सामूहिक नेतृत्व को

(C) बहुमत के शासन को

(D) मूल्य आधारित समाज को

Q.47

संसदीय शासन में कार्यपालिका किसके प्रति उत्तरदायी होती है ?

(A) राज्य अध्यक्ष के प्रति

(B) संसद के निचले सदन के प्रति ✓

(C) लोक सभा अध्यक्ष के प्रति

(D) विरोधी दल के नेता के प्रति

Q.48

अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली में

(A) कार्यपालिका का अध्यक्ष विधान सभा का सदस्य होता है ।

(B) मंत्री भी विधान सभा के सदस्य होते हैं ।

(C) कार्यपालिका अध्यक्ष व मंत्री विधान सभा के सदस्य नहीं होते । ✓

(D) कार्यपालिका अध्यक्ष का चुनाव नहीं होता ।

Q.49

संघात्मक व्यवस्था का मुख्य लक्षण है

(A) प्रान्तीय सरकारें सर्वोच्च होती हैं ।
(B) राजनीतिक दल सर्वोच्च होते हैं ।
(C) शक्तियों का एकत्रीकरण होता है ।
(D) संविधान की सर्वोच्चता । ✓

Q.50

एकात्मक व्यवस्था का मुख्य लक्षण है

(A) शक्तियों का केन्द्रीकरण ✓
(B) शक्तियों का विकेन्द्रीकरण
(C) दोहरी नागरिकता
(D) अस्थायीत्व

Q.51

शासन के एकात्मक स्वरूप में

(A) कार्यपालिका एवं विधायिका को शक्तियों का पृथक्करण होता है ।
(B) शक्तियों का विभाजन होता है ।
(C) कार्यपालिका का गठन विधायिका के सदस्यों में से होता है । ✓
(D) एकदलीय व्यवस्था होती है ।

Q.52

आदिष्ट प्रतिनिधित्व से अभिप्राय है

(A) प्रतिनिधि निर्वाचकों के अधीन नहीं हैं ।
(B) प्रतिनिधि निर्वाचकों के अधीन कार्य करते हैं । ✓
(C) निर्वाचक प्रतिनिधियों को आदेश नहीं दे सकते हैं ।
(D) यह व्यावहारिक है ।

Q.53

निम्न में से किस प्रणाली द्वारा अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सकता है ?

(A) एक व्यक्ति-एक मत प्रणाली
(B) आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली ✓
(C) प्रादेशिक प्रतिनिधित्व प्रणाली
(D) कार्यात्मक प्रतिनिधित्व प्रणाली

Q.54

दबाव समूहों का प्रमुख उद्देश्य है

(A) सत्ता प्राप्त करना ।
(B) सरकार के गठन में सम्मिलित होना ।
(C) चुनाव लड़ना ।
(D) अपने स्वार्थों की प्राप्ति के लिये सरकार पर दबाव डालना । ✓

Q.55

दबाव समूह की तकनीक है

(A) धमकी देना ✓
(B) मूल्य आधारित माँगें
(C) अभिजन वर्ग का समर्थन
(D) असहानुभूत रवैया

Q.56

'रिपब्लिक' का लेखक कौन है ?

(A) अरस्तू
(B) मैकियावली
(C) प्लेटो ✓
(D) मार्क्स

Q.57

पत्नियों एवं सम्पत्ति के साम्यवादी सिद्धान्त के प्रतिपादक कौन थे ?

(A) मार्क्स
(B) अरस्तू
(C) लॉक
(D) प्लेटो ✓

Q.58

'अर्थशास्त्र' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) लॉक
(B) बेन्थम
(C) कौटिल्य ✓
(D) राममनोहर लोहिया

Q.59

राज्य की सर्वोच्चता का समर्थन किसने किया ?

(A) रूसो
(B) मैकियावली ✓
(C) मार्क्स
(D) महात्मा गांधी

Q.60

'राजा शेर की तरह साहसी एवं लोमड़ी की तरह चालाक होना चाहिए ।' किसने कहा ?

(A) मैकियावली ✓
(B) प्लेटो
(C) अरस्तू
(D) जे.एस. मिल

Q.61

'व्यक्ति स्वतंत्र जन्म लेता है, परन्तु वह हर जगह बेड़ियों में जकड़ा हुआ है ।' किसने कहा ?

(A) बेन्थम
(B) अरस्तू
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) रूसो ✓

Q.62

इतिहास की भौतिकवादी व्याख्या एवं वर्ग-संघर्ष के सिद्धान्त का निरूपण किसने किया ?

(A) दादाभाई नौरोजी
(B) कार्ल मार्क्स ✓
(C) जे.एस. मिल
(D) हॉब्स

Q.63

'राज्य का आधार शक्ति नहीं इच्छा है ।' - यह कथन है

(A) टी.एच. ग्रीन ✓
(B) कार्ल मार्क्स
(C) मैकियावली
(D) हॉब्स

Q.64

हॉब्स, लॉक एवं रूसो एकमत हैं कि

(A) राज्य दैवीय इच्छा का परिणाम है ।
(B) राज्य शक्ति का परिणाम है ।
(C) राज्य समझौते का परिणाम है । ✓
(D) राज्य विकास का परिणाम है ।

Q.65

मुख्यमंत्री के कार्य व शक्तियों का उल्लेख भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में मिलता है?

(A) 162
(B) 167 ✓
(C) 168
(D) 169

Q.66

भारत को औपनिवेशिक स्टेटस दिये जाने की माँग किसने की थी ?

(A) दादाभाई नौरोजी ✓
(B) शहीद भगतसिंह
(C) चन्द्रशेखर आजाद
(D) रासबिहारी बोस

Q.67

महात्मा गांधी द्वारा 'भारत छोड़ो' आन्दोलन किस वर्ष आरम्भ किया गया था ?

(A) 1922
(B) 1942 ✓
(C) 1935
(D) 1918

Q.68

भारत को पूर्ण आज़ादी एवं 26 जनवरी को 'स्वतंत्रता दिवस' स्वीकार करने की माँग किसने की ?

(A) गोपालकृष्ण गोखले
(B) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(C) महात्मा गांधी
(D) जवाहरलाल नेहरू ✓

Q.69

राममनोहर लोहिया जाने जाते हैं

(A) व्यक्तिवादी विचारक के रूप में
(B) दलीय व्यवस्था संबंधी विचारों के लिये
(C) मूल्य विहीन व्यवस्था के लिये
(D) समाजवादी अवधारणा के लिये ✓

Q.70

भारतीय लोकतन्त्र को प्रभावित करने वाला महत्त्वपूर्ण कारक है

(A) अभिजन वर्ग की भूमिका
(B) जाति की राजनीति ✓
(C) एकात्मक व्यवस्था
(D) द्विदलीय व्यवस्था

Q.71

निम्न में से क्षेत्रीय राजनीतिक दल को चुनिये :

(A) कांग्रेस पार्टी
(B) साम्यवादी पार्टी
(C) भारतीय जनता पार्टी
(D) ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कजगम पार्टी (AIADMK) ✓

Q.72

"एक दिन ऐसा आयेगा जब राज्य लुप्त हो जायेगा ।" किसने कहा ?

(A) अरस्तू
(B) कार्ल मार्क्स ✓
(C) बेन्थम
(D) मैकियावली

Q.73

किसने दुःख व सुख के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया ?

(A) मार्क्स
(B) महात्मा गांधी
(C) बेन्थम ✓
(D) जवाहरलाल नेहरू

Q.74

प्रथम राजनीति-वैज्ञानिक के नाम से कौन जाने जाते हैं ?

(A) प्लेटो
(B) महात्मा गाँधी
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) अरस्तू ✓

Q.75

'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' के लेखक कौन हैं ?

(A) नौरोजी
(B) अरविन्द
(C) जवाहरलाल नेहरू ✓
(D) अम्बेडकर

Q.76

'विश्व के श्रमिकों एक हो जाओ, तुम्हें बेड़ियों के अतिरिक्त कुछ नहीं खोना है।' किसने कहा?

(A) कार्ल मार्क्स ✓
(B) अम्बेडकर
(C) कौटिल्य
(D) मैकियावली

Q.77

जे.एस. मिल निम्न में से किसका निष्ठावान समर्थक था?

(A) तानाशाही राज्य
(B) स्वतंत्रता ✓
(C) समाजवादी विचारधारा
(D) संविदावादी दर्शन

Q.78

द्वितीय महायुद्ध के पश्चात् व्यवहारवादी विचारधारा को विकसित करने का श्रेय है

(A) अमरीकी राजनीतिक विचारकों को ✓
(B) रूसी राजनीतिक विचारकों को
(C) एशियाई राजनीतिक विचारकों को
(D) अफ्रीकी राजनीतिक विचारकों को

Q.79

व्यवहारवाद की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है

(A) परम्परागत दृष्टिकोण
(B) संवैधानिक दृष्टिकोण
(C) अन्तर-अनुशासनात्मक दृष्टिकोण ✓
(D) ऐतिहासिक दृष्टिकोण

Q.80

उत्तर-व्यवहारवाद वास्तव में एक क्रान्ति है, जिसका श्रेय जाता है

(A) लासवेल को
(B) एप्टर को
(C) लुसियन पाई को
(D) डेविड ईस्टन को ✓

Q.81

उत्तर-व्यवहारवाद की एक प्रमुख विशेषता है

(A) परम्परागत दृष्टिकोण
(B) राज्य का अध्ययन
(C) ज्ञान का आधार सुधार नहीं है ।
(D) यह प्रतिक्रिया नहीं अपितु क्रांति है । ✓

Q.82

संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक उपागम का आधार है

(A) आगत (इनपुट) एवं निर्गत (आउटपुट) कार्यों की विश्लेषणात्मक पद्धति है । ✓
(B) यह व्यवस्था विश्लेषण का भाग नहीं है ।
(C) यह एक अवैज्ञानिक दृष्टिकोण है ।
(D) यह अभाव की राजनीति से संबंधित है ।

Q.83

निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(A) राजनीतिक विकास सर्वसत्तावादी व्यवस्था को जन्म देता है ।
(B) राजनीतिक विकास लोकतन्त्र का निर्माण करता है । ✓
(C) राजनीतिक विकास कुलीनतंत्र का निर्माता है ।
(D) राजनीतिक विकास अस्थायित्व उत्पन्न करता है ।

Q.84

निम्न में से सही कथन को चुनिये :

(A) राजनीतिक संस्कृति विश्वास एवं इतिहास की उपज नहीं है ।
(B) राजनीतिक संस्कृति संरचना प्रदान नहीं करती है ।
(C) राजनीतिक संस्कृति सामान्य संस्कृति का अभिन्न अंग है । ✓
(D) राजनीतिक संस्कृति दृष्टिकोण एवं विश्वास का संकलन नहीं है ।

Q.85

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का अध्ययन मुख्यतः आधारित है

(A) सत्ता की राजनीति पर ✓
(B) सामाजिक-सांस्कृतिक सम्बन्धों पर
(C) ऐतिहासिक सम्बन्धों पर
(D) नैतिकता की राजनीति पर

Q.86

अन्य सभी अधिकार मूलतः निकले हैं

(A) प्राकृतिक अधिकारों से ✓
(B) धार्मिक अधिकारों से
(C) व्यक्तिगत अनुक्रियाओं से
(D) सामाजिक अधिकारों से

Q.87

सुमेलित कीजिये :

A. लॉंग वाक टू फ्रीडम **I.** आंग सान सू की
B. फ्रीडम फ्रॉम फीयर **II.** जे.एस. मिल
C. ऑन लिबर्टी **III.** इसियाह बर्लिन
D. टू कॉन्सेप्ट्स ऑफ लिबर्टी **IV.** नेल्सन मण्डेला

(A) A-IV B-I C-II D-III ✓
(B) A-IV B-II C-III D-I
(C) A-IV B-III C-II D-I
(D) A-II B-IV C-I D-III

Q.88

भारत की संविधान सभा में अखिल भारतीय दलित वर्ग संघ के सदस्य के रूप में शामिल हुए थे

(A) बी.आर. अम्बेडकर
(B) जगजीवन राम ✓
(C) मोत्तरी सत्यनारायण
(D) आर. शंकर

Q.89

भारत के संविधान की प्रस्तावना के संदर्भ में 'हम भारत के लोग' की सही व्याख्या है

A. हम भारत में निवास करते हैं।
B. संविधान की शक्ति का स्रोत भारत की जनता है।
C. प्रभुत्व शक्ति जनता में निहित है।
D. इस संविधान का निर्माण अंग्रेजों ने नहीं किया।

(A) A, B, C
(B) A, C, D
(C) A, B, D
(D) B, C, D ✓

Q.90

किस मौलिक अधिकार को डॉ. अम्बेडकर ने संविधान की "आत्मा और हृदय" कहा है ?

(A) समता का अधिकार
(B) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(C) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार
(D) संवैधानिक उपचारों का अधिकार ✓

Q.91

"भारत के राष्ट्रपति की पद अवधि पद ग्रहण की तिथि से पाँच वर्ष की होती है किन्तु वह पुनर्निर्वाचन का पात्र है।" यह व्याख्या है

(A) अनु. 56-57 ✓
(B) अनु. 53-54
(C) अनु. 58-59
(D) अनु. 65-66

Q.92

कौन से संविधान संशोधन द्वारा मंत्रिपरिषद के सदस्यों की अधिकतम संख्या 15% निश्चित की गयी ?

(A) 89वाँ
(B) 90वाँ
(C) 91वाँ ✓
(D) 92वाँ

Q.93

राज्य सभा में प्रतिनिधित्व की दृष्टि से सही क्रम पहचानिये : (क्रम से अधिक की ओर)

(A) राजस्थान, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश ✓
(B) कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश
(D) कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश

Q.94

संविधान के किस अनुच्छेद में धन विधेयक संबंधी विशेष प्रक्रिया का वर्णन किया गया है ?

(A) 105
(B) 215
(C) 109 ✓
(D) 249

Q.95

भारत में दल-बदल संबंधी मामले पर अन्तिम निर्णय लेने का अधिकार है

(A) सदन के अध्यक्ष को ✓
(B) सत्ता पक्ष के नेता को
(C) संबंधित दल के नेता को
(D) निर्वाचन आयोग को

Q.96

संविधान के किस अनुच्छेद के तहत् राज्यपाल विधानमण्डल द्वारा पारित किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति हेतु सुरक्षित रख सकता है ?

(A) अनु. 256
(B) अनु. 257
(C) अनु. 213
(D) अनु. 200 ✓

Q.97

भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार उन बातों को छोड़कर जिनमें राज्यपाल स्वविवेक से कार्य करता है अन्य कार्यों के निर्वाह में उसे सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए एक मंत्रिपरिषद् होगी, जिसका प्रधान मुख्य मंत्री होगा ?

(A) 160
(B) 161
(C) 162
(D) 163 ✓

Q.98

निम्न में से राज्य मंत्रिपरिषद् का कार्य नहीं है

(A) शासन की नीति का निर्धारण
(B) उच्च पदों पर नियुक्ति के समय राज्यपाल को परामर्श
(C) बजट निर्माण
(D) बहुमत सिद्ध करने हेतु समय सीमा निर्धारण/परामर्श ✓

Q.99

राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के स्वीकृत पद हैं (30 अप्रैल, 2016 तक)

(A) 30
(B) 40
(C) 45
(D) 50 ✓

Q.100

भारत में स्थानीय शासन के विषय में सही क्रम पहचानिये :

A. मुकामी बोर्ड
B. 73वाँ संविधान संशोधन
C. थुंगन समिति की सिफारिश
D. सामुदायिक विकास कार्यक्रम

(A) A, B, C, D
(B) A, C, B, D
(C) A, D, C, B ✓
(D) A, C, D, B

Q.101

भारत में स्थानीय शासन विषय है

(A) संघ सूची का
(B) राज्य सूची का ✓
(C) समवर्ती सूची का
(D) अवशिष्ट विषय

Q.102

90 के दशक के बाद से भारतीय राजनीति को प्रभावित करने वाले निम्न कारकों का सही क्रम पहचानिये :

A. मण्डल आयोग सिफारिश का लागू किया जाना
B. एक दलीय प्रभुत्व की राजनीति का अन्त
C. नवीन उदार आर्थिक नीतियों का विस्तार
D. राजीव गांधी की हत्या

(A) A, B, C, D
(B) B, A, D, C ✓
(C) B, C, D, A
(D) C, D, B, A

Q.103

निम्न में से संयुक्त राष्ट्र एजेन्सी नहीं है :

(A) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(B) संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी आयोग
(C) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(D) वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फण्ड ✓

Q.104

परम्परागत राजनीति सिद्धान्त के समर्थक नहीं हैं

(A) माइकल ऑकशॉट
(B) एरिक वोगलिन
(C) बट्रेण्ड जुबेनल
(D) चार्ल्स बियर्ड ✓

Q.105

'सम्प्रभुता' शब्द के प्रथम प्रयोगकर्ता हैं

(A) अरस्तू
(B) मैकियावली
(C) जीन बोदां ✓
(D) ऑस्टिन

Q.106

कार्यपालिका का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य है

(A) देश का प्रशासन चलाना ✓
(B) बजट पर निर्णय
(C) विदेश नीति पर निर्णय
(D) विधेयकों पर निर्णय

Q.107

'अधिनायक तंत्र में अधिनायक संविधान के बाहर जाकर सत्ता ग्रहण करता है।' यह कथन है

(A) अब्राहम लिंकन का
(B) चर्चिल का
(C) फोर्ड का ✓
(D) जवाहरलाल नेहरू का

Q.108

दादाभाई नौरोजी माने जाते हैं

(A) भारतीय राष्ट्रवाद के आर्थिक सिद्धान्तकार ✓
(B) भारतीय राष्ट्रवाद के सामाजिक सिद्धान्तकार
(C) भारतीय राष्ट्रवाद के विधिविवादी सिद्धान्तकार
(D) भारतीय राष्ट्रवाद के गरम सिद्धान्तकार

Q.109

वयस्क मताधिकार को 'जाति के भूमिका विस्तार' का कारण स्वीकारने वाले हैं

(A) मॉरिस जॉन्स ✓
(B) विनोबा भावे
(C) भीमराव अम्बेडकर
(D) के.एन. मेनन

Q.110

भारत का 100वाँ संविधान संशोधन संबंधित है

(A) भारत-नेपाल संबंध
(B) भारत-पाकिस्तान संबंध
(C) भारत-अफगानिस्तान संबंध
(D) भारत-बांग्लादेश संबंध ✓

Q.111

शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षक की सहायता करती है

(A) विकास की विशेषताओं को समझने में
(B) वैयक्तिक विभिन्नताओं को समझने में
(C) बालकों की समस्याओं को समझने में
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.112

बालक का विकास प्रभावित होता है

(A) वंशानुक्रम से
(B) वातावरण से
(C) वंशानुक्रम व वातावरण दोनों से ✓
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.113

मनोविज्ञान, "शिक्षक को अनेक धारणाएँ और सिद्धान्त प्रदान करके उसकी उन्नति में योग देता है।" यह कथन किसका है?

(A) कॉलॅसनिक
(B) क्रो एण्ड क्रो
(C) ब्लेयर
(D) कुप्पुस्वामी ✓

Q.114

किशोरावस्था की विशेषताओं को सर्वोत्तम रूप से व्यक्त करने वाला एक शब्द है

(A) विकास
(B) परिवर्तन ✓
(C) समायोजन
(D) स्थिरता

Q.115

अधिगम का क्षेत्र सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया?

(A) कोहलर
(B) हल
(C) लेविन ✓
(D) पावलोव

Q.116

अधिगम क्रिया प्रभावित होती है

(A) विद्यालय के भौतिक पर्यावरण से
(B) विद्यालय के मनोवैज्ञानिक पर्यावरण से
(C) विद्यालय के भौतिक व मनोवैज्ञानिक दोनों पर्यावरण से ✓
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.117

पावलोव के प्रयोग में कुत्ते का घंटी बजने पर लार आने की क्रिया कहलाती है

(A) स्वाभाविक अनुक्रिया
(B) प्राकृतिक अनुक्रिया
(C) सम्बद्ध अनुक्रिया ✓
(D) सम्बद्ध उद्दीपक

Q.118

अभिप्रेरणा प्रभावित करती है

(A) अधिगम की गति को
(B) व्यवहार में परिवर्तन को
(C) चरित्र निर्माण को
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.119

कुसमायोजन से तात्पर्य है

(A) बालक और उसके वातावरण में असंतुलन
(B) स्वार्थी व असामाजिक होना
(C) संवेगात्मक असंतुलन
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.120

समायोजन की प्रक्षेपण प्रविधि है

(A) प्रत्यक्ष विधि
(B) अप्रत्यक्ष विधि ✓
(C) क्षतिपूरक विधि
(D) आक्रामक विधि

Q.121

किशोरों के उचित संवेगात्मक विकास हेतु, शिक्षक को करना चाहिये

(A) पाठ्येत्तर कार्यक्रमों का रोचक रूप में आयोजन ✓
(B) दण्ड देना
(C) कक्षा-कक्ष में कठोर अनुशासन बनाना
(D) शिक्षण की परम्परागत विधियों का उपयोग

Q.122

किस मनोवैज्ञानिक के अनुसार प्रेरकों का वर्गीकरण जन्मजात व अर्जित है ?

(A) थॉमसन
(B) मैसलो ✓
(C) गेट्स
(D) गैरेट

Q.123

एकान्तप्रिय व शर्मीले छात्रों के समायोजन हेतु अध्यापक के रूप में आप करेंगे

(A) विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित ✓
(B) विद्यालय प्रधानाचार्य को शिकायत
(C) कक्षा के समक्ष दण्ड देना
(D) उपरोक्त सभी

Q.124

बालक के संज्ञानात्मक विकास के क्षेत्र में योगदान देने वाले मनोवैज्ञानिक हैं

(A) पियाजे ✓
(B) स्पियरमेन
(C) बिने
(D) गाल्टन

Q.125

पुनर्बलन सिद्धान्त के प्रतिपादक हैं

(A) कोहलर
(B) टोलमेन
(C) हल ✓
(D) कोफ्का

Q.126

किशोरावस्था में चरित्र विकास प्रभावित होता है

(A) समाज से
(B) परिवार से
(C) मित्र मण्डली से
(D) उक्त सभी से ✓

Q.127

विद्यार्थियों के अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिये कौन सी व्यूहरचना उपयुक्त नहीं है ?

(A) शिक्षक का सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार
(B) छात्रों को स्व-अनुशासन के लिए प्रेरित करना
(C) निर्देशन कार्यक्रम की व्यवस्था करना
(D) अत्यधिक गृहकार्य देना ✓

Q.128

थॉर्नडाइक के अधिगम नियम हैं

(A) अभ्यास का नियम
(B) तत्परता का नियम
(C) प्रभाव का नियम
(D) उक्त सभी ✓

Q.129

शिक्षक के मानसिक स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है

(A) सामाजिक सम्मान मिलना
(B) विद्यालय प्रशासन में भागीदारी
(C) शिक्षक संघों के संगठन
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.130

निम्न में से कौन सा व्यवहार भावनात्मक बाधा को प्रदर्शित करता है ?

(A) आक्रामकता ✓
(B) मित्रों के साथ अच्छा व्यवहार
(C) अध्ययन में रुचि
(D) संतुलित संवेग

Q.131

मार्गदर्शन है

(A) व्यक्तिगत
(B) सामूहिक
(C) व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों ✓
(D) उक्त में से कोई नहीं

Q.132

निम्न में से कौन सा शिक्षण प्रतिमान विषय के अमूर्त संप्रत्ययों के अध्यापन के लिये उपयुक्त है ?

(A) अग्रिम संगठन प्रतिमान ✓
(B) पृच्छा प्रतिमान
(C) सूचना प्रक्रिया प्रतिमान
(D) सहभागी अधिगम प्रतिमान

Q.133

रॉबर्ट एम. गेने के अनुसार, निम्न में से कौन सा अधिगम का प्रकार नहीं है ?

(A) अन्तर्दृष्टि अधिगम ✓
(B) संकेत अधिगम
(C) प्रत्यय अधिगम
(D) उद्दीपक-अनुक्रिया अधिगम

Q.134

गोलमेन को जाना जाता है

(A) सामाजिक बुद्धि के लिये
(B) आध्यात्मिक बुद्धि के लिये
(C) संवेगात्मक बुद्धि के लिये ✓
(D) उक्त में से कोई नहीं

Q.135

किस मनोविज्ञान के स्कूल के अनुसार शिक्षण प्रक्रिया का केन्द्र बालक है ?

(A) गेस्टाल्टवाद
(B) निर्मितिवाद ✓
(C) व्यवहारवाद
(D) उक्त में से कोई नहीं

Q.136

कंप्यूटर की विशेषता है-

(A) गति
(B) बहु उपयोगिता
(C) परिशुद्धता
(D) उपर्युक्त सभी ✓

Q.137

अंकगणितीय व तार्किक दोनों कार्य जिसमें किये जाते हैं वह है

(A) ए.एल.यू. ✓
(B) मेमोरी
(C) वी.डी.यू.
(D) माउस

Q.138

कम्प्यूटर का ज्ञान उपयोगी है

(A) श्रमिकों के लिये
(B) यात्रियों के लिये
(C) अध्यापकों के लिये
(D) उक्त सभी के लिये ✓

Q.139

की-बोर्ड की सबसे लम्बी कुंजी कौन सी है ?

(A) होम
(B) एन्टर
(C) स्पेस बार ✓
(D) शिफ्ट

Q.140

एम.एस. वर्ड में

(A) ग्राफ बनाये जा सकते हैं ।
(B) आँकड़ों का विश्लेषण किया जा सकता है ।
(C) पेज नम्बरिंग की जा सकती है । ✓
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.141

राजनीति विज्ञान अध्ययन करता है

(A) राज्य का
(B) सरकार का
(C) राज्य एवं सरकार दोनों का ✓
(D) न ही राज्य का, न ही सरकार का

Q.142

प्राकृतिक अधिकारों का सिद्धान्त विश्वास करता है

(A) अधिकार प्राकृतिक हैं। ✓
(B) अधिकारों का मानव से कोई सम्बन्ध नहीं।
(C) अधिकार कृत्रिम हैं।
(D) अधिकारों को राज्य या सरकार के संरक्षण की आवश्यकता नहीं है।

Q.143

भारत में

(A) नागरिकता की कोई अवधारणा नहीं है।
(B) बहुल नागरिकता की अवधारणा है।
(C) नागरिकता अनिवार्य नहीं है।
(D) एकल नागरिकता है। ✓

Q.144

भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष थे

(A) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(B) एच.वी. कामथ
(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ✓
(D) जवाहरलाल नेहरू

Q.145

संविधान सभा में प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) जवाहरलाल नेहरु
(B) के. एम. मुंशी
(C) बी. एन. राव
(D) बी. आर. अंबेडकर ✓

Q.146

भारतीय संविधान की उद्देशिका को संशोधित किया गया

(A) 36वें संशोधन द्वारा
(B) 10वें संशोधन द्वारा
(C) 42वें संशोधन द्वारा ✓
(D) 51वें संशोधन द्वारा

Q.147

भारतीय संविधान में कुल अनुच्छेद हैं

(A) 295
(B) 304
(C) 390
(D) 395 ✓

Q.148

भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत संवैधानिक उपचारों का अधिकार प्रदान किया गया है ?

(A) 14
(B) 32 ✓
(C) 15
(D) 31

Q.149

44वें संवैधानिक संशोधन के पश्चात् निम्न में से कौन सा मौलिक अधिकार नहीं है ?

(A) स्वतन्त्रता का अधिकार
(B) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(C) समानता का अधिकार
(D) सम्पत्ति का अधिकार ✓

Q.150

राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्त किस देश के संविधान से लिये गये हैं ?

(A) संयुक्त राज्य अमरीका

(B) सोवियत संघ

(C) इंग्लैंड

(D) आयरलैंड ✓



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in